रजिस्ट्री सं० डी- 222 REGISTERED No. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 21] नई दिल्ली, शनिवार, मई 20, 1972 (वैशाख 30, 1894)
No. 21] NEW DELHI, SATURDAY, MAY 20, 1972 (VAISAKHA 30, 1894)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation.

नोटिस
(NOTICE)

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 11 जनवरी 1972 तक प्रकाशित किये गये हैं :—
The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 11th January 1972 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तिथि (No. and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
1	2	3	4

शून्य
—NIL—

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांग-पत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी । मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तिथि से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं ।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची

	पृष्ठ
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं . .	447
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मन्त्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	805
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	25
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से सम्बन्धित अधिसूचनाएं .	699
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम . . .	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें . .	—
भाग II—खंड 3—उपखंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) . .	1299
भाग II—खंड 3—उपखंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ-राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किए गए आदेश और अधिसूचनाएं . .	1677
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश .	249
भाग III—खंड 1—महालेखा परीक्षक, संघ लोक-सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के अधीन तथा संलग्न कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं .	655
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिस	169
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं	43
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिनमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं . . .	1005
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें .	99
पूरक संख्या 21—	
13 मई, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट .	905
22 अप्रैल, 1972 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म तथा बड़ी बीमारियों से हुई मृत्यु संम्बन्धी आंकड़ें .	917

CONTENTS

PART I—SECTION 1.—*Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court*	447
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	805
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministry of Defence	25
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Officers issued by the Ministry of Defence	699
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws etc. of general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1229
PART II—SECTION 3.—SUB.-SEC. (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	1677
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	249
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India ..	655
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Offices, Calcutta ..	169
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	43
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1005
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies ..	99
SUPPLEMENT No. 21	
Weekly epidemiological Reports for week ending 13th May, 1972	905
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week ending 22nd April, 1972	917

भाग I—खण्ड 1
(PART I—SECTION 1)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से सम्बन्धित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 5 मई 1972

सं० 56-प्रेज/72—राष्ट्रपति उत्तर प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

बाबा सावन सिंह,
एडजुटेन्ट,
6ठी बटालियन,
प्रादेशिक सशस्त्र कांस्टेबुलरी,
मेरठ,
उत्तर प्रदेश।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

16 मई, 1969 को प्रातः पुलिस दल, जिसमें बाबा सावन सिंह भी थे, जब गिरिराज के गिरोह के व्यक्तियों को गिरफ्तार करने के लिए घात लगाने के बाद गांव इकरामनगर से लौट रहा था तो उन्हें सूचना मिली कि गिरिराज का गिरोह अपने साथियों के साथ गांव ग्यारे-का-नागला में छिपा हुआ है। तुरन्त पुलिस दल को दो टुकड़ियों में बांटा गया जिसमें से एक टुकड़ी का नेतृत्व बाबा सावन सिंह ने किया। इन दोनों पुलिस टुकड़ियों ने गांव ग्यारे-का-नागला को पश्चिम की ओर से घेर लिया। बाबा सावन सिंह के नेतृत्व वाली टुकड़ी डाकुओं के निभृत स्थान पर पहुँची। किन्तु डाकुओं को पुलिस की गतिविधि का पता चल गया और उन्होंने निभृत स्थान की छत से गोली चलाना आरम्भ कर दिया। बाबा सावन सिंह के नेतृत्व वाली टुकड़ी ने मोर्चा संभाला और जवाब में गोली चलाई। छत पर होने के कारण डाकू अनुकूल स्थिति में थे किन्तु पुलिस कर्मचारी बिना किसी ओट के खुले स्थान में थे। परन्तु बाबा सावन सिंह ने हिम्मत नहीं हारी। पुलिस को उनकी गोलियों से बचाने के लिए वे रेंग कर एक सुरक्षित स्थान पर पहुँचे। लकड़ी की सीढ़ी से, जो कि पास के मकान के बाहर रखी थी वह चुपचाप छत पर चढ़ गए, और उनके पीछे-पीछे एक कांस्टेबल भीप हुँच गया। उनको देखकर डाकुओं ने उन पर गोलीयां चलानी शुरू कर दीं किन्तु बाबा सावन सिंह ने छत की मुन्डेर की आड़ ली और डाकुओं पर गोली चलाई। बाबा सावन सिंह की इस कार्यवाही के परिणामस्वरूप डाकुओं ने नीचे खड़े पुलिस कर्मचारियों के बजाय केवल बाबा सावन सिंह पर ही गोली चलानी शुरू कर दी। बाबा सावन सिंह ने छत पर एक डाकू पर गोली चलाई, जो मर गया। इस मुठभेड़ में एक अन्य डाकू जख्मी हुआ।

उपर्युक्त मुठभेड़ में बाबा सावन सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, साहस तथा पहल-शक्ति का परिचय दिया और डाकुओं के गिरोह के एक प्रमुख सदस्य को मार डाला।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 16 मई 1969 से दिया जाएगा।

सं० 57-प्रेज/72—राष्ट्रपति मणिपुर पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री एस० सुनीलचन्द्र शर्मा,
पुलिस उप-निरीक्षक,
मणिपुर।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

1 नवम्बर, 1970 की शाम को इम्फाल नगर में अचानक अव्यवस्था फैल गई। अनेक दुकानों को आग लगा दी गई। बदमाशों ने बाजारों में लूटमार की तथा आग लगाई और एक रिहायशी बस्ती पर भी हमला किया। 1 नवम्बर, 1970 को नगर में गश्त लगाते समय शाम के लगभग 7 बजकर 30 मिनट पर श्री एस० सुनीलचन्द्र शर्मा को सूचना मिली कि थंगल बाजार में पान-विक्रेताओं की कुछ दुकानों के ताले तोड़े जा रहे हैं और उनको आग लगाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। श्री शर्मा पुरन्त उपलब्ध पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुँचे। रास्ते में पुलिस दल ने एक लदा हुआ ट्रक देखा जिसको गुन्डों ने आग लगा दी थी। पुलिस दल ने आग बुझाने का प्रयत्न किया किन्तु 20-30 व्यक्तियों की भीड़ ने उन पर पत्थर फेंके। श्री शर्मा ने भीड़ को तितर-बितर होने की चेतावनी दी किन्तु उसका कोई प्रभाव नहीं पड़ा और बदमाशों ने पथराव जारी रखा। तब श्री शर्मा ने अपना रिवाल्वर निकाला। इस कार्यवाही के परिणामस्वरूप भीड़ पीछे हट गई। श्री शर्मा ने ट्रक तथा उस पर लदे अधिकांश सामान को नष्ट होने से बचा लिया। ट्रक को बचाने के बाद श्री शर्मा पास के एक जनरल स्टोर की ओर गए जिसको इस बीच बदमाशों ने आग लगा दी थी। आग बुझाने के प्रयत्न किए गए। पुलिस दल पर बदमाशों ने फिर आक्रमण किया, जिसके फलस्वरूप श्री शर्मा के पांव में पत्थर से चोट लगी। अपनी चोट की परवाह न करते हुए श्री शर्मा ने अपनी रिवाल्वर से एक बार गोली चलाई और भीड़ को तितर-बितर कर दिया। इस बीच देखा गया कि बदमाशों ने उस क्षेत्र में कपड़े की एक दुकान का ताला तोड़ दिया। और कपड़े की गांठें दुकान से सड़क पर फेंक रहे थे। पांव में चोट होते हुए भी श्री शर्मा तुरन्त कपड़े की दुकान की ओर बढ़े। उन्होंने

टेलीफोन द्वारा इम्फाल पुलिस थाने से कुमुक भी मंगवाई। भीड़ ने पुनः पुलिस दल पर पथराव किया। श्री शर्मा विचलित नहीं हुए और उन्होंने अपने रिवाल्वर से भीड़ पर दो राउंड और गोली चलाई तथा उसे तितर-बितर कर दिया।

श्री एस० सुनीलचन्द्र शर्मा के वीरतापूर्ण तथा सुदृढ़ कार्यवाही के परिणामस्वरूप ही सार्वजनिक सम्पत्ति को नष्ट होने से बचाया जा सका।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 1 नवम्बर 1970 से दिया जायेगा।

सं० 58-प्रेज/72—राष्ट्रपति केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री मोहन सिंह,
कांस्टेबल सं० 70002078,
1ली बटालियन,
केन्द्रीय आरक्षित पुलिस दल।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

17 सितम्बर, 1971 को प्रातः 8 बजे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस की दो टुकड़ियों के एक दल को कलकत्ता पुलिस के साथ कलकत्ता के कोसीपुर थाने में स्थित राजाबागान क्षेत्र की तलाशी लेने के लिए नियुक्त किया गया था। राजाबागान क्षेत्र में बस्ती को घेरने के उपरान्त पुलिस दलों को उग्रवादियों के छिपने के अड्डों तथा समाजविरोधी तत्वों और अवैध हथियार एवं गोला-बारूद की तलाश करने के लिए भेजा गया। जब तलाशी शुरू हुई तो दो उग्रवादी डम-डम सड़क की ओर भागने लगे। श्री मोहन सिंह ने, जो संयोग से उग्रवादियों के छिपने के अड्डे के समीप थे, उनका पीछा किया। उनमें से एक उग्रवादी के पास रिवाल्वर था और उसके साथी के पास "भुजाली" थी। उग्रवादियों के उक्त साथी ने श्री मोहन सिंह को एक उग्रवादी को पकड़ने से रोका। फिर उग्रवादी ने श्री मोहन सिंह को गोली मारने के उद्देश्य से अपना रिवाल्वर उनकी ओर ताना किन्तु उसके ऐसा करने से पहले ही श्री मोहन सिंह ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उग्रवादी को धरदबोचा और उसे अपनी राइफल की मूठ दे मारी। इस प्रकार उन्होंने उग्रवादी द्वारा गोली चलाने के प्रयत्न को विफल कर दिया। इसी बीच कलकत्ता पुलिस के अधिकारी वहां पहुँच गए और उग्रवादी को गोली से मार दिया।

श्री मोहन सिंह ने उग्रवादी को पकड़ने में अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह न करते हुए उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया। श्री मोहन सिंह की कार्यवाही के फलस्वरूप ही उग्रवादी बाद में कलकत्ता पुलिस के अधिकारियों द्वारा मारा गया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 17 सितम्बर, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 59-प्रेज/72—राष्ट्रपति महाराष्ट्र पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री शंकर राम राडे,
पुलिस कांस्टेबल बी० सं० 12059/सी०,
ग्रेटर बम्बई पुलिस दल,
महाराष्ट्र।

(स्वर्गीय)

श्री जयसिंह शंकर विचारे,
लैंस नायक बी० सं० 8399/सी०,
ग्रेटर बम्बई पुलिस दल,
महाराष्ट्र।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

13 अगस्त, 1971 को श्री शंकर राम राडे और श्री जयसिंह शंकर विचारे बम्बई की फाक लैण्ड रोड पर सादे कपड़ों में गश्त ड्यूटी पर थे। उस रात लगभग 2 बजे श्री राडे और श्री विचारे ने उस क्षेत्र में कुछ शोर सुना। चीख पुकार सुनकर श्री राडे तुरन्त उस स्थान की ओर बढ़े जहां से आवाज आ रही थी और वहां उन्होंने एक बदमाश को देखा जो अपने हाथ में छुरा लिए हुए था। अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए और कर्त्तव्य की उत्कृष्ट भावना से प्रेरित होकर श्री राडे सशस्त्र आक्रमणकारी पर झपटे, यद्यपि लोग शोरमचा रहे थे कि आक्रमणकारी तीन व्यक्तियों को पहले ही छुरा घोंप चुका है। आक्रमणकारी ने श्री राडे की मजबूत पकड़ से बचकर भाग निकलने के लिए कड़ा संघर्ष किया और उनके पेट में छुरा घोंप दिया। इसी बीच श्री विचारे भी घटनास्थल पर पहुँच गए। उन्होंने आक्रमणकारी पर अपने छाते से प्रहार किया तथा उसे मजबूती से पकड़े रखा। इस प्रकार उन्होंने सशस्त्र आक्रमणकारी को गिरफ्तार कर लिया। दो दिन बाद श्री राडे की घावोंके कारण मृत्यु हो गई।

अपनी निजी सुरक्षा की परवाह न करते हुए एक सशस्त्र आक्रमणकारी को गिरफ्तार करने में श्री शंकर राडे राम तथा श्री जयसिंह शंकर विचारे ने उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 14 अगस्त, 1971 से दिया जाएगा।

सं० 60-प्रेज/72—राष्ट्रपति उड़ीसा पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हदीबन्धु बहेरा,
हवलदार,
सशस्त्र रिजर्व पुलिस,
गंजम,
उड़ीसा।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

27 जुलाई, 1971 को शाम 7 बजकर 30 मिनट पर रामगिरि पुलिस थाने में सूचना मिली कि सशस्त्र उग्रवादियों का एक दल

गाँव बेतारसिंगी में पड़ाव डाले हुए है और अपराध करने की योजना बना रहा है। सूचना प्राप्त होते ही श्री हृदीबन्धु बहेरा आठ कॉस्टेबलों के साथ उग्रवादियों को पकड़ने के लिए गाँव बेतारसिंगी की ओर चल दिए। पहाड़ी जंगल के बीच से होकर वे रात के लगभग 9 बजकर 30 मिनट पर गाँव बेतारसिंगी पहुंचे। उग्रवादियों के छिपने के स्थान के बारे में सूचना एकत्र करने के बाद श्री बहेरा ने पुलिस दल को दो टुकड़ियों में बाँट दिया और दो तरफ से उग्रवादियों की ओर बढ़े। रात के लगभग 1 बजकर 30 मिनट पर श्री बहेरा के नेतृत्व वाला पुलिस दल उस चट्टान के पास पहुचा जहाँ उग्रवादी बैठे थे। अचानक पुलिस दल पर एक बम फेंका गया जिसके विस्फोट से जबर्दस्त धमाका हुआ और उसके टुकड़े सभी ओर गिरे। एक टुकड़ा श्री बहेरा की दायी आँख के ठीक नीचे लगा और वहाँ से खून बहने लगा। बम विस्फोट और खून के बहने की परवाह न करते हुए श्री बहेरा उग्रवादियों को घेरने के लिए अपने दल के साथ आगे बढ़ते रहे। उग्रवादियों ने पुलिस दल पर दूसरा बम फेंका किन्तु श्री बहेरा अविचलित रहे और अपने जवानों को उग्रवादियों पर गोली चलाने का आदेश दिया जिसके फलस्वरूप एक उग्रवादी मारा गया और दो अन्य घायल हुए। बाद में एक घायल उग्रवादी की मृत्यु हो गई।

श्री हृदीबन्धु बहेरा ने सशस्त्र उग्रवादियों को पकड़ने में उत्कृष्ट वीरता तथा साहस का परिचय दिया।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनाँक 28 जुलाई 1971 से दिया जाएगा।

सं० 61-प्रेज/72—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते है :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री हरीवल्लभ मोहन लाल जोशी,
पुलिस उप-महानिरीक्षक,
ग्वालियर,
मध्य प्रदेश।

श्री अत्तर सिंह,
कंपनी कमांडर,
5वी बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
मुरैना,
मध्य प्रदेश।

श्री आत्मानन्द दूबे,
कॉस्टेबल सं० 636,
5वीं बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
मुरैना,
मध्य प्रदेश। **(स्वर्गीय)**

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया।

डाकू नाथ्थू सिंह तोमर के गिरोह ने ग्वालियर डिवीजन के जिलों और राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के समीपस्थ जिलों में अपहरण, हत्याओं तथा डकैतियों के अनेकों अपराध किए थे। 18 फरवरी, 1970 को श्री हरीवल्लभ मोहन लाल जोशी को सूचना मिली कि डाकू नाथ्थू सिंह के गिरोह के कुछ व्यक्ति गासवेणी पुलिस थाने के एक जंगल में छिपे हुए है और गाँव सहसराम में कोई अपराध करने की योजना बना रहे हैं। श्री जोशी ने डाकुओं के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए योजना तैयार की और पुलिस दल को चार टुकड़ियों में विभाजित किया। डाकू ईख के एक खेत में छिपे हुए थे। 19 फरवरी, 1970 की प्रात: दो पुलिस दलों को ईख के खेत को दूर तक घेरने के लिए तैनात किया गया। शेष दो पुलिस दलों का नेतृत्व सब-डिविजनल अधिकारी श्री एम० के० शुक्ल तथा पुलिस अधीक्षक श्री एम० डी० शर्मा द्वारा किया गया। श्री शुक्ल का दल जब मोर्चा सभालने के लिए दक्षिण की ओर जा रहा था तो डाकुओं ने पुलिस को देख लिया और उन पर गोली चलाने लगे। गंभीर खतरे की परवाह किए बिना पुलिस ने जवाब में गोली चलाई तथा छः डाकुओं को मार दिया। इस कार्यवाही में श्री जोशी ने न केवल अपने आपको ही जोखम मे डाला बल्कि डाकुओं पर पूरी तरह से घेरा डालने के उद्देश्य से वह खुले मैदान में आगे बढ़ते रहे। बाद मे उन्होंने अग्रिम दल का नेतृत्व संभाला। श्री जोशी ने गंभीर खतरे की स्थिति में उत्कृष्ट साहस तथा वीरता का परिचय दिया।

अपनी टुकड़ी के व्यक्तियों के साथ श्री अतर सिंह ने मोर्चा संभालने के लिए तूफानी अंधेरी रात में घुटनों-घुटनों पानी मे चलकर रास्ता पार किया। डाकुओं द्वारा पुलिस पर गोला-बारी किए जाने के बाद श्री अतर सिंह ने डाकुओं के गिरोह पर आक्रमण करने का नेतृत्व किया। वह खुले मैदान में ईख के खेत के किनारे तक आगे बढ़ गए और उन्होंने डाकुओं पर हथगोले फेंके। आरम्भ की मुठ-में छः डाकू मारे गए किन्तु पता लगा कि गिरोह के नेता समेत तीन और डाकू अभी खेत में छिपे हुए है। डाकुओं के छिपने के सही स्थान का पता लगाना बहुत कठिन था। अतः यह तय किया गया कि खत को छाना जाय। श्री अतर सिंह ने उस अन्तिम आक्रमणकारी दल का नेतृत्व किया जिसे बचे हुए डाकुओं का सफाया करने को भेजा गया था। डाकुओं पर आक्रमण करके उन्होंने अपने जीवन के लिए गम्भीर खतरा उठाया।

प्रारम्भिक आक्रमण के बाद जब बचे हुए डाकुओं का सफाया करने के लिए ईख के खेत की छान-बीन का निश्चय किया गया तो श्री आत्मानन्द दूबे सबसे आगे थे। पूरी तरह से यह जानते हुए भी कि डाकुओं द्वारा सबसे पहले उन्ही पर गोली चलाई जा सकती है वे ईख के खेत में प्रवेश करने वालों में सबसे प्रथम व्यक्ति थे। खतरे की परवाह किए बिना वह ईख के खेत में घुसे परन्तु डाकुओं से बहुत निकट से उन पर गोली चलाई जिससे वह मारे गए। डाकुओं की इस गोलाबारी से खेत में उनके स्थान का पता चल गया और पुलिस ने डाकुओं के विरुद्ध कार्यवाही करके उनको समाप्त कर दिया।

डाकू नाथ्थू सिंह के गिरोह के विरुद्ध कार्यवाही की योजना बनाने और उनके विरुद्ध कार्यवाही करने में सर्वश्री हरिवल्लभ मोहनलाल जोशी, अत्तरसिंह तथा आत्मानन्द दूबे ने उत्कृष्ट साहस तथा वीरता का परिचय दिया।

2. ये पदक राष्ट्रपति के पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप श्री अत्तर सिंह और श्री आत्मानन्द दूबे को नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 फरवरी, 1970 से दिया जाएगा।

सं० 62-प्रेज/72—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक का बार प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम तथा पद

श्री महेश दत्त शर्मा,
पुलिस अधीक्षक,
मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री दरियाव प्रसाद,
कंपनी कमांडर,
एफ० कंपनी, 5वी बटालियन,
मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

डाकू नत्थू सिंह तोमर का गिरोह 1961 से ग्वालियर डिवीजन के जिलों और राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के समीपस्थ जिलों में सक्रिय था । यह गिरोह अपहरण, हत्या और डकैती के अनेक अपराधों के लिए उत्तरदायी था । 18 फरवरी, 1970 को जब श्री महेश दत्त शर्मा गांव विजयपुर के समीप पुलिस उप महानिरीक्षक के साथ पड़ाव डाले हुए थे, तो उन्हें सूचना मिली कि डाकू नत्थू सिंह के गिरोह के कुछ व्यक्ति गांव सहसराम के समीप ईख के एक खेत में छिपे हुए हैं और कोई अपराध करने की योजना बना रहे हैं । श्री महेश दत्त शर्मा ने पुलिस उप महानिरीक्षक के मार्गदर्शन में डाकुओं के विरुद्ध कार्यवाही के लिए एक योजना तैयार की । पुलिस दल को चार टुकड़ियों में विभाजित किया गया और उन्हें रात्रि में चुपके-चुपके आगे बढ़ने तथा 19 फरवरी, 1970 को दिन निकलने से पहले ईख के उस खेत को चारों ओर मोर्चा संभालने का आदेश दिया गया । पुलिस की दो टुकड़ियों को खेत के सुदूर किनारे पर मोर्चा संभालने के लिए तैनात किया गया और दो पुलिस टुकड़ियों को खेत के दक्षिणी किनारे के समीप मोर्चा संभालने का आदेश दिया गया, ऐसा करते समय डाकुओं ने उन्हें देख लिया । डाकुओं ने तुरन्त पुलिस पर भारी गोलाबारी कर दी । श्री शर्मा ने एक पुलिस टुकड़ी का नेतृत्व किया । वह अपने अधिकारियों सहित ईख के उस खेत को जिसमें डाकू छिपे हुए थे, एक ओर से घेरने के लिए दौड़े । वह अपने दल में सबसे आगे-आगे दौड़ते रहे और डाकुओं की भारी गोला बारी के सामने आ गए । बाद में उन्होंने डाकुओं के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के संचालन में पुलिस उप महानिरीक्षक की सहायता की । श्री शर्मा ने इस प्रकार मुठभेड़ में वीरता का प्रदर्शन किया । श्री दरियाव प्रसाद ने डाकुओं के गिरोह के विरुद्ध की गई कार्यवाही में एक कंपनी का नेतृत्व किया । उन्होंने तूफानी अंधेरी रात में अपने लिए निर्धारित मोर्चे पर पहुँचने के लिए घुटने-घुटने पानी में चल कर रास्ता पार किया । वह ईख के उस खेत के किनारे से जहां डाकू छिपे हुए थे, डाकुओं के गिरोह पर गोली चलाने तथा आक्रमण का निर्देशन करने के लिए खुले में चले आए । बाद में उन्होंने शेष बचे डाकुओं का पता लगाने के लिए तैनात किए गए तलाशी दलों का नेतृत्व किया ।

सर्वश्री महेश दत्त शर्मा और दरियाव प्रसाद ने डाकू गिरोह के साथ मुठभेड़ में उत्कृष्ट वीरता तथा साहस का परिचय दिया ।

2. ये पदक पुलिस पदक के बार से संबंधित संविधि के छठे खण्डवाक्य और नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप श्री दरियाव प्रसाद को नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 फरवरी, 1970 से दिया जाएगा ।

सं० 63-प्रेज/72—राष्ट्रपति मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नांकित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों के नाम तथा पद

श्री महेन्द्र कुमार शुक्ल,
उप मण्डल अधिकारी, पुलिस,
शिवपुर,
जिला मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री दुलारे सिंह,
कांस्टेबल सं० 720,
2री बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
ग्वालियर,
मध्य प्रदेश ।

श्री दूधे सिंह,
कांस्टेबल सं० 93, बी० कम्पनी,
10वीं बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
सागर,
मध्य प्रदेश ।

श्री देवी सिंह,
कांस्टेबल सं० 604,
5वीं बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री सूबेदार सिंह,
कांस्टेबल सं० 152,
5वीं बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
मुरैना,
मध्य प्रदेश ।

श्री हीरा सिंह,
कांस्टेबल सं० 422,
15वीं बटालियन, विशेष सशस्त्र दल,
इन्दौर,
मध्य प्रदेश ।

सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया ।

डाकू नत्थू सिंह तोमर का गिरोह 1961 से ग्वालियर डिवीजन के जिलों और राजस्थान व उत्तर प्रदेश के साथ लगे जिलो में सक्रिय

था और उसने अनेक अपहरण, हत्याएं तथा डाके डाले थे। 18 फरवरी, 1970 को सूचना मिली कि डाकू नत्थू सिंह के गिरोह के कुछ व्यक्ति गांव सहसराम के जंगल में छिपे हुए हैं। पुलिस के उप महानिरीक्षक द्वारा कार्यवाही की योजना तैयार की गई और पुलिस दल को चार टुकड़ियों में विभाजित किया गया। उनमें से एक टुकड़ी का नेतृत्व श्री महेन्द्र कुमार शुक्ल कर रहे थे। 19 फरवरी, 1970 को दिन निकलने से पहले मोर्चा संभालने के लिए ये पुलिस टुकड़ियां सारी रात घुटनों तक पानी में चलती रहीं। डाकू ईख के एक खेत में छिपे हुए थे। जब श्री शुक्ल के नेतृत्व वाली पुलिस टुकड़ी खेत के दक्षिणी किनारे की ओर बढ़ रही थी तो डाकुओं ने उसे देख लिया और उस पर गोली चला दी। यद्यपि पुलिस को आश्चर्य हुआ तथापि वे अविचलित रहे। श्री हीरा सिंह पुलिस टुकड़ी के हल्की मशीनगन के चालक थे। वह दो अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ अपनी गन को उपयुक्त स्थान पर लगाने के लिए पुलिस दल के आगे पहुँचे। डाकू ईख के खेत की आड़ में थे जबकि पुलिस खुले में थी और बिना दिखाई दिए पुलिस की गतिविधि को देख सकते थे। डाकुओं ने खेत के उत्तर-पूर्व की ओर डाले गए घेरे में खाली स्थान से बचकर भागने का प्रयत्न किया। पुलिस ने उनकी गतिविधि को देख लिया। श्री दूधे सिंह और श्री दुलारे सिंह के साथ पुलिस उप अधीक्षक डाकुओं की गोली की परवाह किए बिना तुरन्त उस खाली स्थान की ओर बढ़े। इस मुठभेड़ में श्री देवी सिंह को कलाई पर तथा श्री दुलारे सिंह को आंख में गोली लगी। उसकी आंख जाती रही। श्री दूधे सिंह की जांघ में चोट आई। अपनी चोट के बावजूद इन तीनों अधिकारियों ने डाकुओं को खेत के उत्तर-पूर्व की ओर से बचकर भागने नहीं दिया और उत्कृष्ट वीरता तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया। श्री हीरा सिंह ब्रेन गन चालक थे। उन्होंने डाकुओं के बच भागने के किसी भी प्रयत्न को रोकने के लिए खुले में अपनी ब्रेन गन लगाई। श्री हीरा सिंह मोर्चे पर डटे रहे और उन्होंने डाकुओं की भारी गोलाबारी के बावजूद पुलिस के घेरे को तोड़ने के डाकुओं के सभी प्रयत्नों को विफल कर दिया। इस तरह उन्होंने मुठभेड़ में शौर्य तथा उत्कृष्ट वीरता का परिचय दिया। छः डाकुओं के मारे जाने के बाद पुलिस को ईख के खेत के भीतर बचे हुए तीन डाकुओं को ढूंढने के लिए भेजने का निश्चय किया गया। श्री सूबेदार सिंह तलाशी दल में थे। उन्होंने ईख के खेत में खतरे की परवाह किए बिना प्रवेश किया और बड़े साहस तथा कर्त्तव्य-निष्ठा का परिचय दिया।

डाकू नत्थू सिंह तोमर के गिरोह के साथ मुठभेड़ में उक्त पुलिस अधिकारियों ने उत्कृष्ट वीरता और साहस का परिचय दिया।

2. ये पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिए जा रहे हैं तथा फलस्वरूप श्री दुलारे सिंह, श्री दूधे सिंह, श्री देवी सिंह, श्री सूबेदार सिंह तथा श्री हीरा सिंह को नियम 5 के अन्तर्गत विशेष स्वीकृत भत्ता भी दिनांक 19 फरवरी, 1970 से दिया जाएगा।

पे० ना० कृष्णमणि, राष्ट्रपति के संयुक्त सचिव

मंत्रिमंडल सचिवालय

(सांख्यिकी विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 30 अप्रैल 1972

परिशिष्ट

सं० एम० 11011/3/71-रा० न० सर्वे-II—22 जनवरी, 1972 को भारत के राजपत्र भाग I खंड 1 में प्रकाशित मंत्रिमंडल सचिवालय, सांख्यिकीय विभाग के दिनांक 17 जनवरी, 1972 के संकल्प सं० एम० 11011/3/71-रा० न० सर्वे०-II में निम्नलिखित परिवर्धन/संशोधन किए जायेंगे :—

1. उक्त संकल्प के पैरा 2 के उप-पैरा (i) (क) के अन्तिम वाक्य में निर्दिष्ट अनुलग्नक के स्थान पर संबद्ध अनुलग्नक रखा जायेगा। 'मंहगाई भत्ता' और 'नगर भत्ता' शब्द के बीच में 'मकान-किराया भत्ता' शब्द भी निवेशित किए जायेंगे। पैराग्राफ 2 में अंकित तारीख "25-10-1971" के स्थान पर भी "20-3-1972" रखी जायेगी।

2. पैराग्राफ 2 के उप-पैरा (2) की अन्तिम पंक्ति के बाद निम्नलिखित जोड़ा जायेगा :—

"संगणन, मशीन सारणीयन और पंचिंग अनुभागों में तृतीय श्रेणी के पदों के बारे में समकक्ष पदों का मामला सरकार द्वारा गठित एक समिति को भेज दिया गया है, देखें इस विभाग का दिनांक 29 अप्रैल 1972 का सं० एम-11011/66/72-रा० न० सर्वे०-II और उस समिति की सिफारिशों पर विचार-विमर्श करने के बाद समकक्ष पदों के निर्धारण में संशोधन किया जायेगा।

3. पैराग्राफ 2 के वर्तमान उप-पैरा (3) के बाद निम्नलिखित रखा जायेगा :—

"सरकारी वेतन-मान, सरकारी भत्ते और सरकारी सेवा-निवृत्ति लाभ में आने के लिए उपर्युक्त विकल्प उन कर्मचारियों के मामले में उपलब्ध नहीं होंगे जिनकी सेवा-निवृत्ति की आयु के परे पहले ही सेवावधि बढ़ी हुई हो, परन्तु इस प्रकार के कर्मचारी सरकारी सेवा में खपाए जाने पर भारतीय सांख्यिकीय संस्थान द्वारा सेवा की बढ़ी हुई स्वीकृत अवधि समाप्त होने तक भारतीय सांख्यिकीय संस्थान पैकेज पर पूर्ववत् रहेंगे।

4. पैराग्राफ 2 के उप-पैरा (5) में अन्तिम वाक्य के बाद निम्नलिखित वाक्य जोड़ा जायेगा :—

"तथापि, सरकारी कर्मचारियों को सरकार द्वारा संस्वीकृत संगहाई भत्ते, नगर भत्ते, मकान-किराया भत्ते, संतान शिक्षा भत्ते, अतिरिक्त समय भत्ते और अन्तरिम राहत की दरों में कोई भी वृद्धि, उक्त संस्थान से आने वाले भारतीय

सांख्यिकीय संस्थान वेतन-मान, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान भत्ता और भारतीय सांख्यिकीय संस्थान सेवा-निवृत्ति लाभों के लिए विकल्प देने वाले उक्त कर्मचारियों के लिए लागू होगी।"

5. पैराग्राफ 2 के वर्तमान उप-पैरा (6) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जायेगा :—

"तीसरे वेतन-आयोग की सिफारिशों के कार्यान्वयन के समय उन कर्मचारियों को जिन्होंने मूलतः भारतीय सांख्यिकीय संस्थान पैकेज के लिए विकल्प दिया हो, उक्त वेतन आयोग की सिफारिशों पर विचार कर लेने के बाद सरकार द्वारा निश्चित किए गए सरकारी वेतन-मानों, भत्तों और सेवा-निवृत्ति लाभों सहित सभी अन्य लाभों में पूर्णतः आने के लिए विकल्प हेतु एक सद्य विकल्प देने की अनुमति दी जायेगी। तथापि, यह उन प्रथम श्रेणी और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों पर लागू न होगा जो समकक्ष पदों पर नियुक्त किए जाने के लिए संघ लोक सेवा आयोग द्वारा सुयोग्य नहीं पाये जायें।"

6. पैराग्राफ 2 के उप-पैरा (8) (2) के अन्तिम वाक्य में आये हुए वरिष्ठता शब्द के बाद "(वरिष्ठता निर्धारण के लिए सिद्धान्तों के बारे में विवाद सहित)" शब्द जोड़े जायेंगे।

7. पैराग्राफ 2 के उप-पैरा (16) में दूसरे वाक्य के अन्त में "और ऐसी अवधि के बारे में जैसी कि उक्त संस्थान में व्यतीत की गई हो उक्त संस्थान द्वारा उपलब्ध कराए गए सेवा-रिकार्ड के बारे में ध्यान रखते हुए" शब्द जोड़े जायेंगे।

मंत्रिमंडल सचिवालय, सांख्यिकी विभाग के दिनांक 17 जनवरी, 1972 के संकल्प सं० एम०-11011/3/71-रा० न० सर्वे०-II का संशोधित अनुलग्नक जैसा कि परिशिष्ट संख्या एम० 11011/3/71-रा० न० सर्वे०-II दिनांक 30 अप्रैल, 1972 द्वारा संशोधित किया गया है।

क्रमांक	भारतीय सांख्यिकीय संस्थान में पद का प्रवर्ग	भारतीय सांख्यिकीय संस्थान वेतन-मान	उक्त प्रवर्ग में सर्जित किए जाने वाले पदों की अधिकतम संख्या	प्रस्थापित समकक्ष वेतन-मान	उसी वेतन-मान वाले वर्तमान समकक्ष पद का पदनाम	प्रस्थापित वर्गीकरण
1	2	3	4	5	6	7
1.	अनुसंधान प्रोफेसर	रु० 1600-100-1900	1	रु० 1300-60-1600-100-1800	संयुक्त निदेशक	प्रथम श्रेणी
2.	प्रोफेसर	रु० 1100-50-1300-60-1600	2	रु० 1100-50-1400	विशेष कार्य अधिकारी	यथोपरि
3.	सांख्यिक ग्रेड I	यथोपरि	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
4.	सांख्यिक ग्रेड II	रु० 700-50-1250	8	रु० 700-40-1100-50/2-1250	उप-निदेशक	यथोपरि
5.	कार्यपालक अधिकारी	प्रवरण ग्रेड 850-50-1150	5	यथोपरि	उप-निदेशक (प्रशासन)	यथोपरि
		ग्रेड I रु० 500-30-740-द० रो०-30-830-35-900		रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द० रो०-30-830-35-900	लेखा व प्रशासन अधिकारी	द्वितीय श्रेणी
		ग्रेड II रु० 350-25-600-द० रो०-30-750		350-25-500-30-590-द० रो०-30-800	कनिष्ठ प्रशासन अधिकारी	यथोपरि
6.	लेखा अधिकारी	रु० 700-50-1250	1	रु० 700-40-1100-50/2-1250	उप-निदेशक	प्रथम श्रेणी

1	2	3	4	5	6	7
7.	सांख्यिक ग्रेड III	रु० 600-40-800-50-1150	17	रु० 400-400-450-30-600-35-670-द० रो०-35-950	सहायक निदेशक	प्रथम श्रेणी
7.1.	संक्रिया केन्द्र के उपाध्यक्ष	यथोपरि	1	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
8.	अधीक्षक (क्षेत्रीय-कार्य)	रु० 600-40-800-50-1150	1	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
9.	सांख्यिक ग्रेड IV	रु० 400-40-800-50-950	43	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
10.	अनुभागाध्यक्ष (संग)	यथोपरि	5	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
11.	अनुभागाध्यक्ष (एम.टी.)	यथोपरि	4	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
12.	अनुरक्षण इंजीनियर (मैके०)	यथोपरि	1	यथोपरि	सहायक कार्यकारी अभियन्ता	यथोपरि
13.	लेखापाल	रु० 500-30-740-द० रो०-30-830-35-900	2	रु० 350-25-500-30-590-द० रो०-30-800-द०रो० 30-830-35-900	लेखा व प्रशासन अधिकारी	द्वितीय श्रेणी
14.	अनुभाग अधिकारी	रु० 325-25-500-द० रो०-30-620	7	रु० 350-20-450-25-575	कार्यालय अधीक्षक	यथोपरि
15.	कार्यालय अधीक्षक (क्षेत्रीय कार्य)	यथोपरि	1	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
16.	उप अनुभागाध्यक्ष (संग)	यथोपरि	6	रु० 325-15-475-द० रो०-20-575	अधीक्षक	यथोपरि
17.	उप अनुभागाध्यक्ष (एम०टी०)	यथोपरि	4	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
18.	अनुभागाध्यक्ष (पंचिंग)	रु० 325-25-500-द० रो०-30-620	3	रु० 325-15-475-द० रो०-20-575	अधीक्षक	द्वितीय श्रेणी
19.	उप अधीक्षक (क्षेत्रीय-कार्य)	यथोपरि	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
20.	अनुरक्षण मैकेनिक इंचार्ज	यथोपरि	2	रु० 210-10-290-15-320-द० रो०-15-425	यांत्रिक सहायक	तृतीय श्रेणी
21.	आशुलिपिक ग्रेड I	यथोपरि	1	यथोपरि	आशुलिपिक ग्रेड I	यथोपरि
22.	यूनिट अध्यक्ष (संग)	रु० 220-10-270-15-300-द० रो०-15-450-द० रो०-20-530	23	यथोपरि	सहायक अधीक्षक	यथोपरि
23.	यूनिट अध्यक्ष (एम० टी०)	यथोपरि	18	यथोपरि (अस्थायी)	यथोपरि	यथोपरि
24.	उप अनुभागाध्यक्ष (पंचिंग)	यथोपरि	4	यथोपरि (अस्थायी)	यथोपरि	यथोपरि
25.	सहायक अधीक्षक (क्षेत्रीय कार्य)	यथोपरि	10	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
26.	आशुलिपिक ग्रेड II	यथोपरि	3	यथोपरि	आशुलिपिक ग्रेड I	यथोपरि
27.	सांख्यिकीय सहायक	यथोपरि	4	यथोपरि	सहायक अधीक्षक	यथोपरि
28.	वरिष्ठ सहायक	यथोपरि	6	यथोपरि	सहायक	यथोपरि
29.	तकनीकी सहायक (प्रशासन)	यथोपरि	1	यथोपरि	सहायक अधीक्षक	यथोपरि
30.	वरिष्ठ सहायक (लेखा)	यथोपरि	3	यथोपरि	लेखापाल	यथोपरि
31.	कार्टोग्रेफिक सहायक	रु० 180-10-290-15-320-द० रो०-15-425	1	रु० 250-10-290-15-320-द० रो०-15-380	आर्टिस्ट	यथोपरि
32.	ग्रुप अध्यक्ष (संगणन)	रु० 180-10-290-15-320-द० रो०-15-425	43	रु० 180-10-290-15-320-(अस्थायी)	निरीक्षक	यथोपरि
33.	वरिष्ठ आपरेटर (एम०टी०)	यथोपरि	27	यथोपरि	यथोपरि	तृतीय श्रेणी

1	2	3	4	5	6	
34.	यूनिट अध्यक्ष	यथोपरि	16	यथोपरि (अस्थायी)	यथोपरि	यथोपरि
35.	निरीक्षक (क्षेत्रीय कार्य)	यथोपरि	28	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
36.	कनिष्ठ सांख्यिकीय सहायक	यथोपरि	13	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
37.	सहायक ग्रेड I	यथोपरि	10	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280-10-300	उच्च श्रेणी लिपिक	यथोपरि
38.	सहायक ग्रेड I (लेखा)	यथोपरि	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
39.	संगणक (संग०)	रु० 130-5-160-द० रो०-10-290-15-380-प्रवरण ग्रेड-350-15-425	226	(i) रु० 150-5-160-8-240-द०रो०-8-280-10-300-(स्नातकों के लिए) (अस्थायी)	सगणक (वरिष्ठ)	यथोपरि
				(ii) रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180+रु० 15 प्रति मास विशेष वेतन (मैट्रीक्यूलेटों के लिए) (अस्थायी)	संगणक	यथोपरि
40.	संगणक (एम० टी०)	यथोपरि	70	(i) रु० 150-5-160-8-240-द०रो०-8-280-10-300-(स्नातकों के लिए) (अस्थायी)	की पंच आपरेटर (वरिष्ठ)	यथोपरि
				(ii) रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180+रु० 15 प्रति मास विशेष वेतन (मैट्रीक्यूलेटों के के लिए) (अस्थायी)	की पंच आपरेटर	यथोपरि
41.	की पंच आपरेटर	रु० 130-5-160-द० रो०-10-290-15-380-प्रवरण ग्रेड-350-15-425	81	(i) रु० 150-5-160-8-240-द० रो०-8-280-10-300-(स्नातकों के लिए) (अस्थायी)	की पंच आपरेटर (वरिष्ठ)	तृतीय श्रेणी
				(ii) रु० 110-3-131-4-155-द०रो०-4-175-5-180+रु० 15 प्रति मास विशेष वेतन (मैट्रीक्यूलेटों के लिए) (अस्थायी)	की पंच आपरेटर	यथोपरि
42.	अन्वेषक (क्षेत्रीय कार्य)	यथोपरि	101	रु० 150-5-160-8-240-द० रो०-8-280-10-300	अन्वेषक	यथोपरि
43.	रोकड़िया	रु० 160-10-290-15-380	3	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280-10-300+नकद भत्ता	रोकड़िया	यथोपरि

1	2	3	4	5	6	7
44.	आशुलिपिक ग्रेड III	यथोपरि	1	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280-10-300	आशुलिपिक ग्रेड II	यथोपरि
45.	सहायक ग्रेड II	यथोपरि	36	यथोपरि	उच्च श्रेणी लिपिक	यथोपरि
46.	सहायक ग्रेड II (लेखा)	यथोपरि	6	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
47.	रखवाल/पर्यवेक्षक	ग्रेड I रु० 160-6-220-द० रो०-276 प्रवरण ग्रेड-284-8-316	2	यथोपरि	रखवाल	यथोपरि
		ग्रेड II रु० 105-3-135-द० रो०-4-175-प्रवरण ग्रेड-5-205		रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	सहायक रखवाल	यथोपरि
48.	कनिष्ठ सहायक ग्रेड I	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280	27	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280-10-300	उच्च श्रेणी लिपिक	यथोपरि
49.	कनिष्ठ सहायक ग्रेड I (लेखा)	यथोपरि	1	यथोपरि	उच्च श्रेणी लिपिक	यथोपरि
49क.	संगणक	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280	2	रु० 130-5-160-8-200-द० रो०-8-256-द० रो०-8-280-10-300	उच्च श्रेणी लिपिक	तृतीय श्रेणी
50.	मैकेनिक	ग्रेड I रु० 160-6-220-द० रो०-7-276-प्रवरण ग्रेड-284-8-316		रु० 150-5-175-6-205-द० रो०-7-240	मैकेनिक	यथोपरि
		ग्रेड II रु० 105-3-135-द० रो०-4-175-प्रवरण ग्रेड-5-205	2	रु० 110-3-131-4-143-द० रो०-4-155	सहायक मैकेनिक	यथोपरि
51.	टाइपिस्ट ग्रेड I	रु० 160-10-290-15-380	10	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	अवर श्रेणी लिपिक	यथोपरि
	टाइपिस्ट ग्रेड II	रु० 130-5-160-8-200-द०रो०-8-256-द०रो०-8-280	8	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
	टाइपिस्ट ग्रेड III	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
52.	कनिष्ठ सहायक ग्रेड II	यथोपरि	23	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
53.	टेलीफोन आपरेटर	रु० 105-3-135-द० रो०-4-175-प्रवरण ग्रेड-5-205	7	यथोपरि	टेलीफोन आपरेटर	यथोपरि
54.	जिल्दबंदी फोरमैन	रु० 110-3-131-4-155-द० रो०-4-175-5-180	7	रु० 110-3-131-4-143-द० रो०-4-155	जिल्दसाज	यथोपरि
55.	अभिलेख परिचारक	रु० 110-2-118-द० रो०-2-132-3-150	36	रु० 75-1-85-द० रो०-2-95	दफ्तरी	चतुर्थ श्रेणी
56.	रसोइया	रु० 80-1-92-द० रो०-2-108-प्रवरण ग्रेड-3-123	3	रु० 75-1-85-द० रो०-2-95	रसोइया	यथोपरि
57.	जमादार/सफाई कर्मचारी	यथोपरि	28	रु० 70-1-80-द० रो०-1-85	सफाई कर्मचारी	यथोपरि
58.	दरबान/सुरक्षा गार्ड/नाईट गार्ड	यथोपरि	29	यथोपरि	चौकीदार	यथोपरि

1	2	3	4	5	6	7
59.	माली	यथोपरि	13	यथोपरि	चपरासी	यथोपरि
60.	मज़दूर	रु० 80-1-92-द० रो०-2-108-प्रवरण ग्रेड-3-123	4	रु० 70-1-80-द० रो०-1-85	चपरासी	चतुर्थ श्रेणी
61.	फुहारिया (स्प्रेयर)	यथोपरि	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
62.	ग्लास क्लीनर	यथोपरि	1	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
63.	क्लीनर	यथोपरि	2	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
64.	मददगार	रु० 70-1-80-द० रो०-1-85-2-95-प्रवरण ग्रेड-93-3-123	163	यथोपरि	यथोपरि	यथोपरि
65.	काउन्टर परिचारक	रु० 110-2-118-द० रो०-2-123-3-150	5	रु० 70-3-85-4-105-(+मंहगाई राहत रु० 100 तक के वेतन के लिए 25 रु० की दर से और 100 रु० वेतन से ऊपर के लिए 30 रु० की दर से) रु० 85-2-95-3-110	कूपन क्लर्क	यथोपरि
66.	मशीन परिचारक	रु० 100-2-118-द० रो०-2-132-3 150	34		मशीन परिचारक	यथोपरि

वि० ल० गिद्वाणी, सचिव

नई दिल्ली, दिनांक 5 मई 1972

सं० वी० 11012/1/70-रा० न०सर्वे०-II—राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन के कार्यकलाप को शासित करने के लिए भारत सरकार ने सांख्यिकीय विभाग की 25 मार्च 1970 की अधिसूचना सं० वी० 11012/1/70-टेक० द्वारा एक शासी परिषद् गठित की थी। कलकत्ता स्थित भारतीय सांख्यिकीय संस्थान से दो सांख्यिकों, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान, संस्थानों और अन्य गैर-सरकारी संगठनों से दो अर्थ-शास्त्रियों, राज्य सांख्यिकीय कार्यालयों के दो निदेशकों तथा केन्द्रीय सरकार के मंत्रालयों/विभागों के दो सांख्यिकीय/आर्थिक सलाहकारों की सदस्यता जो दो वर्ष की अवधि के लिए थी, समाप्त हो चुकी है। अब इस आदेश की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए निम्नलिखित व्यक्तियों को उक्त शासी परिषद् का सदस्य नियुक्त किया गया है :

1. डा० टी० वी० हनुराव, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता।
2. डा० डी० के० बोस, भारतीय सांख्यिकीय संस्थान, कलकत्ता।
3. प्रोफेसर के० एन० राज,
   विकास अध्ययन केन्द्र,
   प्रसन्था हिल, आकुलम रोड,
   उल्लूर, त्रिवेन्द्रम-II
4. प्रो० राज कृष्ण, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
5. निदेशक, आर्थिक एवं सांख्यिकीय कार्यालय, आंध्र प्रदेश, सरकार, हैदराबाद।
6. निदेशक, राज्य सांख्यिकीय कार्यालय, महाराष्ट्र, सरकार, बम्बई।
7. निदेशक, श्रम कार्यालय, श्रम, रोजगार और पुनर्वास मंत्रालय, (श्रम और रोजगार विभाग) शिमला।
8. आर्थिक और सांख्यिकीय सलाहकार, खाद्य, कृषि मंत्रालय (कृषि विभाग), नई दिल्ली।

ज० प्र० सिंह, उप सचिव

गृह मन्त्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 4 मई 1972

सं० 51/4/72 ए० एन० एल० (i)—राष्ट्रपति, लक्कादीव, मिनिकाय और अमिनदिवी द्वीप समूह के संघ राज्य क्षेत्र के लिए गृह मंत्री से सम्बद्ध सलाहकार समिति में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्यों को 1 अप्रैल, 1972 से 31 मार्च, 1973 तक की अवधि के लिए सहर्ष नामित करते हैं।

1. मिनिकोय के० श्री के० ए० इब्राहिम मानिकफान।
2. अनद्रोत के श्री के० तल्लकोया।
3. अकत्ती के श्री पी० मोहम्मद मालमी।
4. कवरत्ती के श्री कुट्टियाम्मद मालमी।
5. अमिनी के श्री पाट्टक्कल पूकोया।

सं० 51/4/72-ए० एन० एल० (ii)—राष्ट्रपति, लक्कादीव, मिनिकोय और अमिनदिवी द्वीपसमूह के प्रशासक से सम्बद्ध सलाहकार परिषद् में निम्नलिखित गैर-सरकारी सदस्यों को 1 अप्रैल, 1972 से 31 मार्च, 1973 तक की अवधि के लिए सहर्ष नामित करते हैं।

1. कलपेनी के श्री पी० हमजा कोया।
2. किलटान के श्री एन० कोया।
3. चेटलाट के श्री चेक्काकल मुत्तुकोया।
4. कडमत के श्री तेराक्कल अब्दुल कादर।
